पाठ-14 जलती हाँडी

* श्रुतिलेख के शब्द और शब्द-ज्ञान आप किताब से पढ़ लीजियेगा।

1. सोचें और बोलें :-

प्र(i) गिरजाघर, कहाँ था ?

उत्तर:- गिरजाघर, इटली के पीसा नगर में था।

प्र(ii) हाँडी में से आदमी ने क्या निकाला ?

उत्तर:- हाँडी के अंदर से आदमी ने लैंप निकाला।

प्र(iii) गैलिलियो को किस विषय की पढ़ाई रुचिकर लगी ?

उत्तर- गैलिलियों को रेखागणित के विषय की पढ़ाई रुचिकर लगी।

प्र (iv) "जलती हाँडी" कहानी के लेखक कौन हैं ?

उत्तर- जलती हाँडी कहानी के लेखक हरिकृष्ण देवसरे जी हैं।

classmate

लघु उत्तर लिखें।

2.

(i) गैलिलियो ने पीसा विश्वविद्यालय में प्रवेश क्यों लिया?

उत्तर- गैलिलियो ने चिकित्सा-विज्ञान पढ़ने के लिए पीसा विश्वविद्यालय में प्रवेश लिया।

(ii) गैलिलियो ने चिकित्सा-विज्ञान को छोड़कर किन विषयों को अपनाया और क्यों?

उत्तर- गैलिलियो ने चिकित्सा-विज्ञान को छोड़कर गणित और भौतिक-विज्ञान विषयों को अपनाया, क्योंकि उसे ये दोनों ही विषय बहुत ही रोचक लगा।

(iii) गैलिलियो को विश्वविद्यालय से क्यों निकाला गया था?

उत्तर- गैलिलियो ने अपनी पूरी फ़ीस जमा नहीं करवाई थी, इसलिए उसे विश्वविद्यालय से निकाला गया।

(iv) पेंडुलम की गति धीमी होने का क्या अर्थ है?

उत्तर- पेंडुलम की गति धीमी होने का अर्थ है कि घड़ी रुकने वाला है। घड़ी की चाबी समाप्त हो गई है, उस में फिर से चाबी भरनी है।

(v) घड़ी की टिक-टिक और व्यक्ति की नाड़ी का क्या संबंध है?

उत्तर- (1) घड़ी की टिक-टिक और व्यक्ति की नाड़ी की गति एक समान होती है।

(2) व्यक्ति की नाड़ी की गति, घड़ी की टिक-टिक की गति से कम या ज्याद है, तो उसे अस्वस्थ समझा जाए।

4. सही शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति करें-

(*i*) गैलिलियो का जन्म 15 फरवरी, 1564 हुआ था।

15 फरवरी, 1664 | 15 फरवरी, 1564

(*ii*) गैलिलियो बहुत प्रतिभावान था।

प्रतिभावान | प्रतिमावान

(*iii*) गैलिलियो की प्रारंभिक शिक्षा फ्लोरेंस में हुई।

पीसा | फ्लोरेंस

भाषा-मंथन (Language Literacy)

1. नीचे दिए गए वाक्यों में व्यक्तिवाचक संज्ञा अथवा पुरुषवाचक सर्वनाम शब्दों को रेखांकित कर उनके नाम लिखें–

(i) बालक का नाम था – गैलिलियो। **व्यक्तिवाचक संज्ञा**

(ii) वह सामने आकर रुक गया। अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम

(iii) उसे काम में मदद करनी पड़ी। अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम

(iv) हाँडी को नीचे उतारा गया। व्यक्तिवाचक संज्ञा।

(v) फ्लोरेंस नगर लौटकर घटना याद आई। व्यक्तिवाचक संज्ञा।

(vi) उसके पिता ने पढ़ाई रोक दी। अन्यपुरुषवाचक सर्वनाम



2. 'कि' और 'की' में अंतर जानें–

विशेष : 'कि' शब्द दो वाक्यांशों को जोड़ता है। 'की' शब्द दो संज्ञा शब्दों को जोड़ने, क्रिया की समाप्ति पर और संज्ञा तथा सर्वनाम के बीच प्रयोग होता है।
जैसे : उसने सोचा **कि** लैंप **की** हाँडी हिलने का कोई वैज्ञानिक कारण होगा।

अब 'कि' अथवा 'की' लगाकर वाक्य पूरे करें:

(i) वह रेखागणित की कक्षा में जाकर बैठ गया।

(ii) बालक देख रहा था कि हाँडी हिल रही है।

(iii) उसके रुकने का अर्थ है कि घड़ी में चाबी समाप्त हो गई है।

(iv) गैलिलियो ने एक नई खोज की।

(v) उसने फ़ैसला किया कि वह भौतिक विज्ञान पढ़ेगा।

(vi) उसने पूरा साल मन लगाकर पढ़ाई की।

3. दिए गए शब्दों के लिंग बताएँ–

(*i*) गणित	=	पुल्लिंग	(*ii*) तेल	=	पुल्लिंग
(*iii*) कक्षा	=	स्त्रीलिंग	(*iv*) घटना	=	स्त्रीलिंग
(*v*) बचपन	=	पुल्लिंग	(*vi*) ढक्कन	=	पुल्लिंग
(*vii*) खोज	=	स्त्रीलिंग	(*viii*) गरीबी	=	स्त्रीलिंग

कुछ करने के लिए

➢ संकेतों की सहायता से बताएँ, इन्हें क्या कहते हैं?

(*i*) जो विज्ञान में खोज करे — वैज्ञानिक

(*ii*) जो रोगी का इलाज करे — डॉक्टर

(*iii*) जो गणित का जानकार हो — गणितज्ञ

(*iv*) शिक्षा देने वाला — शिक्षक

(*v*) जो कविता लिखता हो — कवि

(*vi*) जो लिखता हो — लेखक

(*vii*) जो चित्र बनाता हो — चित्रकार

(*viii*) जो सेना में काम करे — सैनिक

सैनिक	शिक्षक
कवि	चित्रकार
वैज्ञानिक	डॉक्टर
लेखक	गणितज्ञ

सुलेख (Calligraphy)

गैलिलियो एक महान वैज्ञानिक था।